प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट ' बारह '

[20/3/2017]

प्रश्न सं. [क्र. 3738]

परिशिष्ट

कार्यालय तहसीलदार तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना (म0प्र0)

क्रमांक / 25 /आ.का / 2017 रामपुर बाघेलान दिनांक 06.03.2017

प्रति,

कलेक्टर महोदय,
सतना (भू–अभिलेख)

विषयः– **विधानसभा अतारांकित प्रश्न क्र0 3738 शा0 भूमि पर अतिक्रमण द्वारा माननीय विधायक श्रीमती ऊषा चौधरी ।**

उक्त सन्दर्भित पत्र के पालन में विधान सभा आतारांकित प्र0 क्र0 3738 का उत्तर बिन्दुबार निम्नानुसार है :–

प्रश्न	उत्तर
(क) क्या सतना जिले के रामपुर बाघेलान के **पटवारी हल्का नं. 24 सगौनी करही के वार्ड क्र.1** हनुमान गंज में शा0 भूमि में लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग का नल एवं पम्प हाउस बना था ? यदि बना था तो किस नं0 पर उसमे क्या उक्त भूमि का सीमांकन कराया जावेगा ? यदि करावा जावेगा तो कब तक ?	(क) हाँ तहसील रामपुर बाघेलान के वर्तमान पटवारी हल्का नं0 30 सगौनी करही, (हनुमानगंज) में एक पम्प हाउस एव एक आई टाईप का क्वाटर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा दिनांक 12.11.1991 को नगर परिषद रामपुर बाघेलान को हस्तांरित किया गया था। पम्प हाउस मौजा करही की आराजी नं. 447 म0प्र0 शासन की भूमि पर स्थित है। जो वर्तमान में संचालित है तथा इस पर किसी व्यक्ति का कब्जा नही है एवं नगर परिषद के आधिपत्य में है। आईटाईप का क्वार्टर म0प्र0 शासन की आराजी नं. 484 / 937 / 1 पर स्थित था। जो खण्डहरनुमा था। जिसके अवशेष वर्तमान में मौजूद नही है, परन्तु वहाँ पर किसी व्यक्ति का अतिक्रमण नही है।

(ख) क्या कुछ लोगो द्वारा लोक स्वास्थ का यांत्रिकी विभाग का भवन गिरा दिया गया है तथा उस पर अवैध कब्जा कर लिया गया है ? यदि हॉ तो शासन द्वारा उन लोगो के खिलाफ क्या कार्यवाही की गई ? यदि नही की गई तो क्यो ?	(ख) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का आई टाईप का क्वॉटर खण्डहरनुमा था। जिसके अवशेष वर्तमान में मौजूद नही है। उस स्थल पर किसी का अतिक्रमण नही है। अतः किसी व्यक्ति पर कार्यवाही करने का प्रश्न ही नही है।
(ग) क्या हनुमानगंज के वार्ड नं.1 में प्राथमिक शाला भवन एवं पुराना ग्राम सेवक क्वार्टर (पुराना ब्लाक) स्थिति है ? क्या उस पर भी अतिक्रमण कर लिया गया है ? यदि कर लिया गया है तो उसे कब तक हटा लिया जावेगा ?	(ग) मौजा करही (हनुमानगंज) वार्ड नं.1 की आराजी नं.573/1 रकवा 0.122 हे0 पर प्राथमिक पाठशाला स्थित है। प्राथमिक पाठशाला की भूमि पर कोई अतिक्रमण नही है। पुराना ग्राम सेवक भवन मौजा करही वार्ड नं.1 हनुमनगंज में अहिरगांव मोड़ पर आराजी नं. 576/1क/1ख/1क/1 जीणशीर्ण हालत में मौजूद है। यह आराजी अशोक सिंह तनय लक्ष्मी नारायण सिंह के भूमिस्वामी स्वत्व की है। ग्राम सेवक भवन पर किसी का अतिक्रमण नही है।
(घ) क्या हनुमानगंज की सभी शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जावेगा ? यदि हॉ तो कब तक ?	(घ) हनुमानगंज की शासकीय आराजी पर यदि किसी व्यक्ति के द्वारा अतिक्रमण किया जावेगा तो उसे निश्चित रूप से हटाने की कार्यवाही की जावेगी।

पूरक जानकारी निरंक है।

कार्यपालन यंत्री
कार्यालय प्रमुख अभियन्ता
लोक स्वा. [illegible], भोपाल

तहसीलदार
तहसील रामपुर बाघेलान
जिला सतना (म0प्र0)